Important Questions Class 8 Hindi Chapter 6 अंतिम दौर-एक

प्रश्न 1. अंग्रेजों ने अपनी व्यवस्था चलाने के लिए क्या किया?

उत्तर:अंग्रेजों ने भारत में अपने नमूने के बड़े जमींदार पैदा किए। उनका लक्ष्य था- लगान की शक्ल में अधिक से अधिक रुपया इकट्ठा करना। ब्रिटिश शासन ने इस प्रकार अपनी स्थिति को सुदृढ़ कर लिया।

प्रश्न 2. भारत का इस्तेमाल किस प्रकार किया था?

उत्तर: इंग्लैंड ने भारत को साम्राज्यवादी उद्देश्यों के लिए बिना कुछ भुगतान किए अड्डे की तरह इस्तेमाल किया। इसके अलावा उसे इंग्लैंड में ब्रिटिश सेना के एक हिस्से के प्रशिक्षण का खर्च भी उठाना पड़ा। इसे 'कैपिटेशन चार्ज' कहा जाता था।

प्रश्न 3. 18वीं शताब्दी में बंगाल में किस व्यक्तित्व का उदय हुआ?

उत्तर: यह प्रभावशाली व्यक्तित्व था-राजा राममोहन राय। वे एक नए ढंग के व्यक्ति थे। उन्हें भारतीय विचारधारा और दर्शन की गहरी समझ थी। उन्होंने अनेक भाषाएँ सीखी थीं। वे समाज-सुधारक थे। उन्हीं के आंदोलन के कारण सती-प्रथा पर रोक लगी।

प्रश्न 4. सन् 1857 में भारत में क्या हुआ?

उत्तर: सन् 1857 में मेरठ की भारतीय सेना ने बगावत कर दी। विद्रोह की योजना गुप्त थी पर समय से पूर्व विस्फोट ने नेताओं की योजना बिगाड़ दी। हिंदू, मुसलमान दोनों ने विद्रोह में भाग लिया। यह विद्रोह दबा दिया गया।

प्रश्न 5. 1857 के विद्रोह से क्या प्रतिक्रिया हुई?

उत्तर: इस विद्रोह से ये नेता उभरे-
1. तात्या टोपे, 2. रानी लक्ष्मीबाई।

प्रश्न 6. विद्रोह की ब्रिटेन में क्या प्रतिक्रिया हुई?

उत्तर: इस विद्रोह ने ब्रिटिश शासन को झकझोर कर रख दिया। सरकार ने प्रशासन का पुनर्गठन किया। ब्रिटिश पार्लियामेंट ने ईस्ट इंडिया कंपनी से देश का शासन अपने हाथों में ले लिया।

प्रश्न 7. श्री रामकृष्ण परमहंस कौन थे?

उत्तर: श्री रामकृष्ण परमहंस बंगाल के थे। उनका नए पढ़े-लिखे लोगों पर बहुत प्रभाव था। वे सीधे चैतन्य और भारत के अन्य संतों की परंपरा में आते थे। वे मुख्यतः धार्मिक थे, पर साथ ही बहुत उदार थे। वे कलकत्ता के निकट दक्षिणेश्वर में रहते थे।

प्रश्न 8. विवेकानंद के बारे में बताइए।

https://www.evidyarthi.in/

उत्तर: विवेकानंद ने अपने गुरु-भाइयों के सहयोग से रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। वे बांग्ला और अंग्रेजी के ओजस्वी वक्ता थे। 1893 ई. में उन्होंने शिकागो के अंतर्राष्ट्रीय धर्म-सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने वेदांत के अद्वैत दर्शन के एकेश्वरवाद का उपदेश दिया। 1902 ई. में 39 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया।

प्रश्न 9. रवींद्र नाथ ठाकुर कौन थे?

उत्तर: रवींद्र नाथ ठाकुर विवेकानंद के समकालीन थे। वे श्रेष्ठ लेखक और कलाकार थे। उन्होंने स्वदेशी आंदोलन में भाग लिया। उन्होंने जलियाँवाला बाग कांड का विरोध करते हुए 'सर' की उपाधि लौटा दी। शांति निकेतन की स्थापना की। घोर व्यक्तिवादी होने के बावजूद वे रूसी क्रांति की उपलब्धियों के प्रशंसक थे। टैगोर भारत के सबसे बड़े मानवतावादी थे।

प्रश्न 10. टैगोर और गाँधी जी में क्या अंतर था?

उत्तर: टैगोर सम्भ्रांत कलाकार थे; जबकि गाँधी जी विशेष रूप से आम जनता के आदमी थे। टैगोर मूलतः विचारक थे; जबकि गाँधी जी अनवरत् कर्मठता के प्रतीक थे।

प्रश्न 11. सर सैयद अहमद खाँ का परिचय दीजिए।

उत्तर: सर सैयद अहमद खाँ उत्साही समाज-सुधारक थे। उन्होंने मुस्लिमों की ब्रिटिश-विरोधी भावना को कम करने का प्रयास किया। अलीगढ़ कॉलेज की स्थापना सर सैयद अहमद ने की। इनका घोषित उद्देश्य था- "भारत के मुसलमानों को ब्रिटिश ताज की योग्य और उपयोगी प्रजा बनाना।" इनका प्रभाव मुसलमानों में उच्च वर्ग के कुछ लोगों तक ही सीमित था।

प्रश्न 12. 1912 में मुसलमानों के कौन-से दो साप्ताहिक पत्र निकले?

उत्तर: उर्दू में 'अल-हिलाल' तथा अंग्रेजी में 'द कामरेड'।

प्रश्न 13. अबुल कलाम आजाद कौन थे?

उत्तर: अबुल कलाम एक प्रतिभा सम्पन्न नवयुवक थे। वे अरबी-फारसी के ज्ञाता थे। उनका दृष्टिकोण उदार व तर्कसंगत था। वे भारतीय राष्ट्रवादी थे। उनकी शैली में उत्तेजना थी।

प्रश्न 14. तिलक और गोखले के बारे में बताइए।

उत्तर: एक योग्य और तेजस्वी नेता के रूप में उभरे महाराष्ट्र के बाल गंगाधर तिलक। पुराने नेतृत्व के प्रतिनिधि सज्जन थे-गोखले तथा कांग्रेस के बुजुर्ग नेता दादाभाई नौरोजी को राष्ट्रपिता समझा जाता था।

प्रश्न 15. कांग्रेस की स्थापना कब हुई?

उत्तर: कांग्रेस की स्थापना सन् 1885 ई. में हुई।

https://www.evidyarthi.in/